
# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर





https://mpcci.in

# e अर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका

# JULY 2023


आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965 ♦

डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25 ♦

वर्ष : 26, अंक : 1 ♦

माह : जुलाई 2023 ♦

# नवीन टीम : 2023–2026 के गठन के छः माह पूर्ण होने पर छः माह का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत

## डायनामिक वेबसाइट का लोकार्पण के साथ कार्यक्रम में स्वच्छता की ली गई शपथ










चेम्बर ऑफ कॉमर्स की नवीन टीम बेहतर कार्य कर रही है - डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल



नवीन टीम के नवाचार व डायनामिक वेबसाइट से सदस्यों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी - श्री अरविन्द अग्रवाल



हर कागज का डिजिटलाइजेशन होने से हमारी धरोहर सुरक्षित रहेगी -श्री विजय गोयल

चेम्बर ऑफ कॉमर्स की वर्ष : 2023–2026 टीम का गठन 18 जनवरी, 2023 को हुआ था। दिनांक 18 जुलाई, 2023 को कार्यकाल के 06 माह पूर्ण होने पर चेम्बर पदाधिकारियों द्वारा प्रथम बार छह माह का रिपोर्ट कार्ड चेम्बर के सदस्यों के समक्ष 18 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर संस्था की नव सुसज्जित डायनामिक वेबसाइट का लोकार्पण एवं स्वच्छता की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यगण–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री अरविन्द अग्रवाल एवं श्री विजय गोयल के साथ ही नवीन टीम के अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व अध्यक्षगणों का फलों की टोकरी के साथ अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज हम अपना रिपोर्ट कार्ड अपने परिवार व पूर्व अध्यक्षगणों के समक्ष रख रहे हैं, जिनसे हमने कार्य करना सीखा है। हम पदाधिकारी एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं, जब भी किसी कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर जाती है, तो सभी समान भाव से उस पर कार्य करते हैं, हम आगे भी इसी भांति कार्य करते रहेंगे। हमारी टीम कई नवाचार कर रही है। पड़ाव चेम्बर व चेम्बर संवाद इसका उदाहरण है। अभी हमारी टीम को 6 माह हुए हैं, आगामी 2.5 वर्ष में आंचलिक बैठकें, प्रदेश स्तरीय उद्योग–व्यापार सम्मेलन किए जाएंगे। हमारी टीम ने सौर ऊर्जा क्रांति मिशन प्रारंभ किया है। व्यापारिक विवादों निपटारी आपसी सहमति से हो, इसके लिए व्यापारिक विवाद निपटान समिति का गठन किया गया है। गारबेज शुल्क के युक्तियुक्तकरण पर हमारे प्रयासों का परिणाम आगामी एक माह में निकलकर आए, इसके लिए हमारी टीम निरंतर प्रयास कर रही है।

मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने 06 माह का रिपोर्ट कार्ड उपस्थित महानुभावों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारी टीम ने अल्प अवधि में जो कार्य किए हैं, उन्हें आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, ताकि आपसे प्राप्त सुझाव व प्रेरणा से हम आगे भी बेहतर कार्य कर सकें। आपके द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु किए गए कार्य, इनमें सबसे प्रमुख कार्य श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया सभागार में नवीन वातानुकूलित सिस्टम का कार्य रिकार्ड समय में पूर्ण कर, 11–11 टन के 06 अत्याधुनिक ए. सी. लगवाये गए, जिसके परिणाम स्वरूप आज इस हॉल की कूलिंग सिस्टम की सभी के द्वारा काफी तारीफ की जा रही है। इससे संस्था को सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि इस सभागार की बुकिंग में एकाएक काफी वृद्धि हुई है। इसी के साथ वॉटर हार्वेस्टिंग, संस्था के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन, अनुपयोगी सामान का निस्तारण सहित पड़ाव चेम्बर, चेम्बर संवाद, बजट पर बैठक का आयोजन, गारबेज शुल्क पर किए गए प्रयास, केन्द्रीय मंत्रीगणों से की गई सौजन्य भेंट, आधार कार्ड शिविर, एमएसएमई की पाठशाला, सौर ऊर्जा सम्मेलन, महिला उद्यमिता सम्मेलन, महाराज बाड़ा पर टाउन हॉल के सामने 7.50 मीटर सड़क के लिए किया गया संघर्ष, फिक्की मुख्यालय में की गई विजिट, ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम आदि कार्यों को पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही, आगे होने वाले कार्यक्रम जैसे कि सोलर फे यर एवं मुंबई







डब्बेवाला कार्यक्रम की जानकारी भी सदस्यों को प्रदान की गई।





कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्षगण एवं पदाधिकारियों द्वारा एक क्लिक के माध्यम से चेम्बर की डायनामिक वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। साथ ही, स्वच्छता पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई, ताकि हमारा ग्वालियर आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर1 बन सके।

पूर्व अध्यक्ष–श्री विजय गोयल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज कार्यक्रम में बड़ी सुखद अनुभूति हुई कि हम आज अपने परिवार के समक्ष बैठकर अपने कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत कर रहे हैं। राजमाता श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया सभागार में जो नवीन ए.सी. सिस्टम लगाया गया है, उसकी वास्तव में चेम्बर को आवश्यकता थी। हर कागज का डिजिटलाइजेशन नवीन टीम द्वारा किया जा रहा है, इससे हमारी धरोहर सुरक्षित रहेगी। नवीन टीम द्वारा गारबेज शुल्क पर जो प्रयास किए गए और उस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा जो आश्वासन दिया गया है, इससे निश्चित ही गारबेज शुल्क का युक्तियुक्तिकरण होगा। नवीन टीम द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय हैं, मैं पूरी टीम को इसके लिए बधाई देता हूँ।

पूर्व अध्यक्ष–श्री अरविन्द अग्रवाल ने कहा कि टीम 2023–26 ड्रीम टीम बनने वाली है क्योंकि यह टीम अपने कार्य क्षेत्र के प्रत्येक पॉइंट को कवर कर रही है, जो नवाचार आप कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय हैं, खासतौर पर पड़ाव चेम्बर व चेम्बर संवाद इसकी बहुत आवश्यकता थी। आपने आशा व्यक्त की कि नवीन टीम चेम्बर में रिक्त भूमि पर नवीन निर्माण की दिशा में भी कार्य करेगी। आपके द्वारा डायनामिक वेबसाइट में बी2बी बिजनिस के लिए इंडिया मार्ट का पैटर्न अपनाने का सुझाव दिया।

पूर्व अध्यक्ष–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल ने चुटीले अंदाज में कहा कि रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने की बात पर ऐसा लगा कि चेम्बर के चुनाव आ गए हैं क्योंकि आमतौर पर रिपोर्ट कार्ड कार्यकाल के अंत में प्रस्तुत किया जाता है। चेम्बर द्वारा पहली बार अनुपयोगी सामान का निस्तारण किया गया है। सभी लोग मिलकर कार्य कर रहे हैं, इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मुझे यह महसूस होता है कि चेम्बर की हर टीम संस्था के इतिहास में नये आयाम स्थापित करती है। फिक्की से संपर्क नवीन टीम स्थापित कर रही है, इससे संस्था को लाभ प्राप्त होगा। आपने नवीन टीम को पेट्रोल पंप वाली रिक्त भूमि पर भवन निर्माण की सलाह चुनौती के रूप में दी, ताकि आने वाले 100 वर्षों तक लोग उसको याद रख सकें। बैठक के अंत में पूर्व अध्यक्षगणों को पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारीगण सर्वश्री जी. एल. भोजवानी, राधाकिशन खेतान, पारस जैन एवं जगदीश मित्तल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# फिक्की नई दिल्ली मुख्यालय में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने फिक्की के सेक्रेट्री जनरल श्री शैलेश पाठक से भेंट कर, सचिवालय में विभिन्न विभागों का किया अवलोकन

## ग्वालियर अंचल में उद्योग-व्यापार की उन्नति के लिए FICCI पूर्ण सहयोग करेगा




मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने दिनांक 5 जुलाई,23 को नई दिल्ली में स्थित उद्योग एवं व्यापार की शीर्ष संस्था फिक्की मुख्यालय में पहुँच कर, फिक्की के महासचिव-श्री शैलेश पाठक जी से भेंटकर उन्हें चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा प्रति माह प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका 'अर्थवार्ता' की प्रति भेंट की ।

मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल का फिक्की मुख्यालय में पधारने पर फिक्की के वरिष्ठ निदेशक-श्री के. एस. नारायणस्वामी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया । फिक्की मुख्यालय में विजिट के दौरान वरिष्ठ निदेशक-श्री के. एस. नारायणस्वामी एवं श्री देवाशीष पाल सम्पूर्ण समय साथ में रहे ।

इस एक-दिवसीय प्रवास के अवसर पर श्री दीपक अग्रवाल द्वारा फिक्की में संचालित विभिन्न विभाग प्रमुखों के साथ 10 बैठके की गई, जो कि निम्नानुसार हैं :-

1. यंग लीडर्स फोरम
2. पर्यटन
3. फिक्की महिला संगठन
4. स्टार्टअप
5. टैक्सेशन
6. बिजनेस टू बिजनेस सर्विस
7. विदेश व्यापार, इकोनॉमिक अफेयर्स एवं रिसर्च
8. फूड प्रोसेसिंग
9. स्टेट डिवीजन
10. उच्च शिक्षा

फिक्की में आयोजित विभिन्न बैठकों में विभाग प्रमुखों द्वारा मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल को विभाग की कार्य प्रद्धति की विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही, भविष्य में फिक्की के साथ मिलकर ग्वालियर अंचल में उद्योग एवं व्यापार की प्रगति पर कार्य करने पर चर्चा कर, सहमति व्यक्त की गई ।

# 'चेम्बर संवाद' के तहत समूह क्रमांक-6 एवं समूह क्रमांक-7 की बैठक आयोजित




'चेम्बर संवाद' के रूप दिनांक 8 जुलाई,23 को समूह क्रमांक–6 (थोक किराना व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक–7 (खेरीज किराना व्यवसाय) की बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यापार व उद्योग की समस्याओं को एकत्रित किया जा रहा है। व्यापार की समस्याओं के संकलन के उद्देश्य से समूहवार बैठकों के लिए 'चेम्बर संवाद' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। आपने कहा कि आप अपने व्यापार में जिन चुनौतियों / समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं, उनसे चेम्बर को भी अवगत कराएँ, चेम्बर उस पर प्राथमिकता से कार्य करेगा।



बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि नवीन टीम द्वारा दो नवाचार 'पड़ाव चेम्बर' औद्योगिक समस्याओं के लिए तथा व्यापारिक समस्याओं के लिए 'चेम्बर संवाद' प्रारंभ किया गया है । इसका उद्देश्य आपसे प्राप्त समस्याओं/सुझावों का संकलन कर, उस पर तेजी से कार्य करना है।

कार्यकारिणी समिति सदस्य, श्री अनुराग गर्ग ने कहा कि ऑनलाईन नेटवर्क के कारण किराना व्यवसाय प्रभावित हो रहा है । हम भी अपने कारोबार में ऑनलाईन खरीदी व बिक्री करना चाहते हैं किंतु किस एप्लीकेशन के तहत कार्य करें। यह चुनाव नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि ऑनलाईन कार्य का अनुभव नहीं है और इसमें फ्रॉड की संभावना भी रहती है और व्यापारी अभी इसके लिए जागरूक नहीं है । श्री दीपक श्रीचंद जैस्वानी ने कहा कि प्रोफेशनल टैक्स समीपवर्ती राज्यों में समाप्त हो गया है लेकिन मध्यप्रदेश में अब भी लागू है । यह समाप्त होना चाहिए । साथ ही, इलेक्ट्रोनिक कांटे के मेंटेनेंस व फीस आदि में विसंगति का मुद्दा भी आपने बैठक में रखा । श्री मुकेश गोयल ने बताया कि किराना व्यवसाय घट रहा है। इस पर चिंतन कर, कार्य होना चाहिए । श्री अजय गोयल एवं सदस्य–मोहनलाल अग्रवाल ने दाल बाजार में जाम लगने पर मैनावाली गली से चार पहिया वाहन निकलने के कारण लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया तथा मैनावाली गली मार्ग को चार पहिया वाहनों के लिए एकांकी मार्ग करने का सुझाव दिया।



दाल बाजार व्यापार समिति के सचिव–श्री विवेक जैन ने कहा समूहवार बैठक करने के लिए पदाधिकारियों को साधुवाद है। आपने एसोसिएशन के कार्यक्रमों के लिए व्हीआरएस सभागार की दरें कम किए जाने की बात कही । श्री राहुल गोयल द्वारा मुरार के सदर बाजार में जाम की समस्या से अवगत कराया तथा इस समस्या के निराकरण कराए जाने की बात कही।



अध्यक्ष महोदय ने बैठक में प्राप्त समस्याओं/सुझावों पर कहा कि ऑनलाइन बिजनिस पर चेम्बर द्वारा शीघ्र ही कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । इलेक्ट्रोनिक कांटे के मेंटनेंस एवं फीस पर उपनियंत्रक, नापतौल विभाग से चर्चा की गई है । इस पर जानकारी प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी। प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त किए जाने की मांग चेम्बर द्वारा प्रदेश के बजट सुझावों में की गई थी । इसे समाप्त करने की मांग पुन: की जाएगी । मैनावाली गली एवं मुरार के सदर बाजार में यातायात की समस्या पर कार्यवाही की जाएगी । मानसेवी सचिव द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी सदर बाजार मुरार की यातायात समस्या को रखा गया है।



बैठक के अंत में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य–श्री विपुल अग्रवाल, सदस्य–सर्वश्री कमल अग्रवाल, शिवकुमार, संजय बंसल, मानस गोयल, सुनील गुप्ता, राजेन्द्र गोयल, सौरभ गुप्ता, राकेश गोयल, अंकित गुप्ता, दीपक गोयल, विशाल गुप्ता, गिरधारीलाल, अंकुर अग्रवाल, प्रवीण मंगल आदि उपस्थित रहे।

# ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम 'चेम्बर भवन' में आयोजित हॉल मार्किंग होने के बाद किसी भी तरह की जिम्मेदारी व्यवसाईयों की नहीं होनी चाहिए




चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11 जुलाई को ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया । इस कार्यक्रम में बीआईएस के नोएडा ऑफिस, श्री रितुराज सिंह (ज्वाइंट डायरेक्टर एंड एससी.-डी), श्री आकर्ष दुबे (एच.ई), श्री मोहित कुमार (एस.एस.ए.) सहित काफी संख्या में सोना-चांदी व्यवसायी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का पदाधिकारियों द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल,2023 से हॉलमार्क को अनिवार्य कर दिया गया है, जहाँ हॉलमार्क लैब स्थापित हैं । ग्वालियर में हॉलमार्क के लिए अब तीन लैब स्थापित हैं। आज आयोजित कार्यक्रम में हम भारतीय मानक ब्यूरो की हॉलमार्किंग के लिए नियमावली, लायसेंस प्रक्रिया आदि के बारे में जानेंगे । साथ ही, आपकी जिज्ञासाओं का भी समाधान इस कार्यक्रम में होगा, ऐसी हम अपेक्षा करते हैं ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि सोना-चांदी व्यवसायियों की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम उपरांत बीआईएस से संबंधित व्यवहारिक कठिनाईयों को दूर करने के लिए चेम्बर द्वारा निरंतर प्रयास किया जाएगा ।

बीआईएस के ग्रेज्युएट इंजीनियर, श्री आकर्ष दुबे द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो एवं उसकी गतिविधियों की पॉवर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई ।

बीआईएस के साइंटिस्ट एवं ज्वाइंट डायरेक्टर-श्री रितुराज सिंह ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो का कार्य सर्वप्रथम किसी भी उत्पाद के लिए मानकों का निर्धारण करना है, उसके पश्चात् निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाले उत्पादों को सर्टिफिकेशन देना है। 1 अप्रैल,2023 से सरकार द्वारा हॉलमार्किंग को 288 शहरों में जहाँ लैब स्थापित हैं, वहाँ अनिवार्य कर दिया गया है । आपने बताया कि 40 लाख से कम टर्नओवर वाले व्यवसायियों पर हॉलमार्क अनिवार्य नहीं है और न ही वे हॉलमार्क ज्वेलरी का विक्रय कर सकते हैं। हॉलमार्क ज्वेलरी का विक्रय सर्टिफाइड ज्वेलर ही कर सकता है । आपने बताया कि पूर्व में हॉलमार्क के लिए बीआईएस में रजिस्ट्रेशन 3 वर्ष के लिए होता था, अब यह लाइफ टाइम होगा और यह रजिस्ट्रेशन निःशुल्क होता है । आपने बताया कि 2 ग्राम तक के आभूषण पर हॉलमार्क आवश्यक नहीं है । वहीं यदि आप सोने का उत्पाद एक्सपोर्ट करते हैं, तो उस पर भी हॉलमार्क से छूट है । आपने हॉलमार्क के लिए रजिस्ट्रेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया । आपने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से किसी भी कारोबारी के यहां डिलिवरी के लिए तैयार ज्वेलरी का निरीक्षण किया जा सकता है । आपने

बताया कि जो भी अधिकारी आपके यहाँ निरीक्षण के लिए आये तो सर्वप्रथम आप उसका आईडी व ऑथोरिटी लेटर आवश्यक रूप से पूछें। यदि संदिग्ध व्यक्ति पाया जाये तो तुरंत इसकी सूचना भारतीय मानक ब्यूरो दें।








कार्यक्रम में उपस्थित व्यवसायियों ने अपनी जिज्ञासाओं संबंधी प्रश्न भी उपस्थित अधिकारियों से किये, जिनका समाधान कार्यक्रम में किया गया। व्यापारियों ने कहा कि जिस उत्पाद का एचयूआईडी करा लिया गया है और उसे किसी अन्य व्यवसायी को विक्रय कर दिया है, तब एचयूआईडी भी उस कारोबारी के नाम पर ट्रांसफर होना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए विक्रेता जिम्मेदार न हो। हॉल मार्किंग होने के बाद किसी भी तरह की जिम्मेदारी व्यापारी की नहीं होना चाहिए। व्यापारियों द्वारा हॉलमार्क के लिए जो सोना लैब पर दिया जाता है, उसकी सुरक्षा की गारंटी सरकार को देना चाहिए। साथ ही, सेम्पल के लिए जो सोना अधिकारियों द्वारा लिया जाता है, उसकी वापिसी भी तय समय में होना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति–चिन्ह प्रदान किए गए तथा आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–पारस जैन, सोना–चांदी व्यवसाय संघ, लश्कर के अध्यक्ष–पुरूषोत्तम जैन, सर्राफा संघ ग्वालियर के अध्यक्ष–जवाहर जैन, सर्राफा एवं स्वर्णकार समिति, मुरार अध्यक्ष–सुनील गोयल, सर्राफा एवं स्वर्णकार संघ मुरार, अध्यक्ष हरिओम गांगिल, सोना–चांदी व्यवसाय संघ, जौरा अध्यक्ष–सुनील सिंघल सर्राफ, एमपीसीसीआई के कार्यकारिणी समिति सदस्य–दीपक जैन, रवि जैन, दीपेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गर्ग (रोबिन), अभिषेक गोयल, अखिलेश गोयल, अंकुर अग्रवाल, घनश्यामदास नागवानी, कृष्णबिहारी गोयल, रोशन गाबरा, नंदकिशोर गोयल, संजय अग्रवाल सहित काफी संख्या में सोना–चांदी व्यवसायी उपस्थित थे।

# सोलर पैनल पर गैर घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी सब्सिडी मिले, यह अनुरोध माननीय मुख्यमंत्री से करूंगा : ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

## दो-दिवसीय सोलर फेयर का प्रदेश के ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ प्रत्येक विजिटर्स को लक्की ड्रॉ के माध्यम से दिए गए पुरस्कार



सौर ऊर्जा क्रांति आंदोलन के तहत चेम्बर द्वारा आयोजित किए गए दो दिवसीय 'सोलर फेयर' का 22 जुलाई को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक, श्री राजीव गुप्ता सहित श्री सुखीजा जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि 'सोलर फेयर' बड़ा अच्छा कार्यक्रम हैं। यहाँ पर लोगों को जानकारी के साथ सौर ऊर्जा के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। आपने कहा कि जनहित की मांगों को मैंने हमेशा उचित मंच पर रखा है। सोलर पैनल पर गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह करूंगा। 'सोलर फेयर' के सफल आयोजन के लिए म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री को बधाई और धन्यवाद।

विशिष्ट अतिथि, म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. के मुख्य महाप्रबंधक, श्री राजीव गुप्ता ने कहा कि इस शानदार आयोजन व इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए मैं, चेम्बर ऑफ कॉमर्स का आभारी हूँ। इसमें एक बार निवेश करने पर आप इसका कई वर्षों तक लाभ ले सकते हैं। सोलर पैनल में एक्सपोर्ट यूनिट में आ रही समस्या का मैं स्वयं अध्ययन करूँगा, ताकि यह समस्या जल्दी दूर हो सके। सभी कार्यों में सोलर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए पेम्पलेट लगाए जाएँगे।

इससे पूर्व स्वागत उद्‌बोधन में अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हमारी टीम के तीन वर्ष व्यापार-उद्योग को बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। साथ ही, सामाजिक विषयों पर क्रांति आंदोलन का शंखनाद हमारी टीम ने किया है। सोलर फेयर इसी क्रांति आंदोलन की शुरूआत है। ग्वालियर शहर के सभी घरों में सोलर पैनल स्थापित होने तक यह आंदोलन रूकने वाला नहीं है। इस फेयर में स्थानीय के साथ देश व प्रदेश के वेण्डर्स द्वारा अपने स्टॉल लगाए गए हैं। आपने कार्यक्रम में पधारे, माननीय ऊर्जा मंत्री जी से कहा कि




सोलर पैनल पर सब्सिडी सरकार द्वारा अभी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है। हमारी मांग है कि यह सब्सिडी व्यापारिक एवं औद्योगिक इकाईयों को भी दी जाना चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो प्रदेश के हर घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित होगा और हमारा प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा और हम सोलर पैनल से उत्पन्न सरप्लस बिजली अन्य राज्यों को विक्रय कर सकेंगे। आपने विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक महोदय से कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां सोलर पैनल स्थापित हैं, उनके नेट मीटरिंग से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता से उचित समाधान होना चाहिए। साथ ही आपकी कंपनी के हर कार्यालय में सोलर पैनल को प्रमोट करने के लिए जानकारी के साथ पेम्पलेट लगाना चाहिए, ताकि लोग जागरूक होकर सोलर पैनल को अपनाएँ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर द्वारा आयोजित सोलर फेयर के 48 घंटों में ही सभी स्टॉल बुक हो गए। इससे इस आयोजन के लिए हमारा उत्साह बढ़ा है। प्रतिदिन सायं 07.00 बजे लक्की ड्रॉ के माध्यम से विजिटर्स को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के साथ ही 05 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएँगे। आपने कहा कि सोलर फे यर से उपभोक्ता अपने बिजली के बिल में 80% तक की बचत कर सकते हैं। इस फे यर में पहल सोलर, सी. पी. सोलर एनर्जी, सतीश सलूजा पॉवर सोल्यूशन प्रा. लि., ओम एनर्जी सोल्यूशन, मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा सोल्यूशन, पिंगाक्ष एनर्जी प्रा. लि., त्रिशान इंटरप्राइजेज, ओम शिव एसोसिएट्स, एस. जी. सोलर सोल्यूशंस, एन. एन. इंटरप्राइजेज, सोलर स्क्वायर एनर्जी प्रा. लि., पंजाब फ्रोजन इंटरप्राइज, सेलेशियल रिन्यूएक्सपर्टस एलएलपी, बालाजी पॉवर सोल्यूशंस, सन सोलर, दिव्यलाइन इंटरप्राइजेज, ए एंड डी मार्केटिंग कंपनी, जे. एस. टेक्नो इंजीनियर्स द्वारा अपने स्टॉल लगाए गए हैं। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को अंत में स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में आभार, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष–श्री जी. डी. लड्ढा, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री आर. के. खेतान, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री जगदीश मित्तल एवं पूर्व कोषाध्यक्ष–वसंत अग्रवाल व काफी संख्या में संस्था के सदस्यगण एवं विजिटर्स उपस्थित रहे।

रात्रि में 7.45 बजे लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार–श्री सुरेश सिंह बघेल, द्वितीय पुरस्कार–श्री संदीप गुप्ता, तृतीय पुरस्कार–डॉ. विजय श्री एवं पाँच सांत्वना पुरस्कारों में सर्वश्री प्रभात चोपड़ा, मुकेश बाथम, विजय अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल एवं राजेश गोयल के नाम की पर्ची निकली । इन सभी लक्की ड्रॉ विजेताओं को रविवार, 23 जुलाई को रात्रि में 8.00 बजे पुरस्कार प्रदान किए गए ।

सौर ऊर्जा क्रांति आंदोलन के अन्तर्गत आयोजित दो–दिवसीय 'सोलर फेयर' भव्यतम रूप में सफलता पूर्वक सम्पन्न

लक्की ड्रॉ विजेताओं को मिले पुरस्कार

चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सौर ऊर्जा क्रांति आंदोलन के तहत ग्वालियर अंचल के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों के साथ–साथ आम नागरिकों में सौर ऊर्जा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने की दृष्टि से दिनांक 22 एवं 23 जुलाई को 'चेम्बर भवन' में आयोजित किए गए 'सोलर फेयर' अपने उद्देश्य की पूर्ति में शत प्रतिशत सफ लता हासिल करते हुए, दिनांक 23 जुलाई,23 को सम्पन्न हुआ । समापन अवसर पर 'सोलर फेयर' में शामिल हुए सभी स्टॉल संचालकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए ।

इस दो–दिवसीय आयोजन के अवसर पर फेयर का अवलोकन हेतु आने वाले प्रत्येक विजीटर्स का पंजीयन किया गया तथा एक लक्की कूपन भरकर, ड्रॉप बॉक्स में एकत्रित कर, फेयर की समाप्ति के अवसर पर लक्की ड्रॉ निकाले गए । इसके अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की गई एवं इस अवसर पर उपस्थित सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।

चझउउख द्वारा प्रथम बार आयोजित 'सोलर फेयर' को लेकर उद्योगपतियों एवं व्यवसाईयों सहित आम नागरिकों में काफी उत्साह देखने को मिला है । साथ ही, सभी आगन्तुकों द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स की इस पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई । ज्ञात रहे चेम्बर द्वारा इस प्राकृतिक ऊर्जा स्रोत से लाभांवित होने की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे है । इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सेतु का कार्य करते हुए विभिन्न कम्पनियों के वेण्डर्स को एक छत के नीचे लाकर उपभोक्ताओं से रूबरू होने का अवसर प्रदान किया गया ।

इस अवसर पर सोलर वेण्डर्स द्वारा बताया गया कि अभी ग्वालियर अंचल में जितने सोलर पैनल लगे हुए हैं, उसमें कम से कम 50 फीसदी और अधिक नवीन सोलर पैनल लगाए जाने की आवश्यकता है । साथ ही, इस सेक्टर में भविष्य की असीम संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, ग्वालियर में और अधिक वेण्डर्स की आवश्यकता है ।

समापन कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्यगण व सदस्य महानुभावों सहित विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि व शहर के आम नागरिक उपस्थित थे ।

## बिना किसी हड़ताल के 12 महीनों विगत् 130 वर्षों से भी अधिक समय से हम निर्धारित समय पर नियमित रूप से पहुँचा रहे हैं, लोगों को डिब्बा : रघुनाथ मेडगे, अध्यक्ष, मुंबई डब्बेवाला

## म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री एवं ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में मुम्बई डब्बेवाला मोटिवेशनल कार्यक्रम 'चेम्बर भवन' में आयोजित







## मुख्य वक्ता-श्री रघुनाथ मेडगे, अध्यक्ष, मुंबई डब्बेवाला ने बताए मैनेजमेंट के टिप्स

**MPCCI** एवं **GMA** के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 जुलाई,23 को 'संघर्ष से सफ लता' का बेहतर उदाहरण सम्पूर्ण विश्व में प्रस्तुत करने वाले 'मुंबई डब्बेवाला' संगठन के अनुभव एवं उनके मैनेजमेंट सिस्टम पर एक मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई डब्बेवाला संगठन के अध्यक्ष–श्री रघुनाथ मेडगे थे ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं जीएमए के सचिव–श्याम अग्रवाल द्वारा फल की टोकरी भेंट कर, मुंबई डब्बेवाला संगठन के अध्यक्ष–श्री रघुनाथ मेडगे का 'चेम्बर ऑफ कॉमर्स' में पधारने पर आत्मीय स्वागत् किया गया ।

इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए, डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहाकि MPCCI एवं GMA के संयुक्त तत्वावधान में आज आयोजित इस कार्यक्रम में मुम्बई से पधारे, श्री रघुनाथ मेडगे जी का मैं अपनी ओर से एवं संस्था के सभी पदाधिकारियों की ओर से आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ, वंदन करता हूँ, अभिनन्दन करता हूँ । आपने इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के गौरवशाली इतिहास के संबंध में परिचय कराते हुए बताया कि हमारी यह संस्था 118 वर्ष पुरानी है । इसकी स्थापना सिंधिया राजवंश के तत्कालीन महाराजा स्व. श्रीमंत माधवराव जी सिंधिया (प्रथम) द्वारा की गई थी । हमारी इस 118 वर्ष की यात्रा में इस संस्था में देश की जानी–मानी हस्तियों का अलग–अलग अवसरों पर आगमन हुआ है । इसमें वर्ष–1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री–श्री एच.डी. देवगौड़ा, तत्कालीन वित्तमंत्री, भारत सरकार–श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं श्री मनमोहन सिंह जी सहित संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'शताब्दी समारोह' में देश के तत्कालीन राष्ट्रपति, भारत रत्न, महामहिम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब, मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे और उन्होंने इस अवसर पर संस्था पर डाक विभाग द्वारा जारी किए गए 'डाक टिकिट' का अपने हाथों से विमोचन किया था, जो कि हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि इसलिए है क्योंकि डाक टिकिट का विमोचन भारत के किसी राष्ट्रपति द्वारा यह प्रथम बार था । इस अवसर पर आपने निम्न पंक्तियों से श्री रघुनाथ जी का अभिनन्दन किया :–

जो पानी में नहाते हैं, वह लिवास बदल सकते हैं, परन्तु जो पसीने से नहाते हैं, वह इतिहास बदल सकते हैं ।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी मैनेजमेंट की पढ़ाई अनेक किताबे बढ़कर करते हैं फिर उस पर अमल करते है, परन्तु मुंबई डिब्बे वालों ने पहले मैनेजमेंट पर अमल किया और उसके बाद उनका मैनेजमेंट पूरे विश्व में एक केस स्टडी का विषय बन गया है । आपका 130 वर्ष से अधिक पुराना कारोबार है । पाँच हजार से अधिक व्यक्ति इससे जुड़े हुए हैं, जिनमें 85% अशिक्षित है और 15% केवल 8वीं कक्षा पास हैं । इनके लिए ग्राहक राजा नहीं बल्कि महाराजा होता है । क्वालिटी रेटिंग में यह 6 सिगमा प्राप्त कर चुके हैं । ब्रिटेन के प्रिन्स चार्ल्स आपके यहाँ आ चुके हैं और अपनी शादी में आपको आमंत्रित भी किया था, जिसमें आप शामिल भी हुए ।





इस अवसर पर क्या है मुंबई डिब्बेवाला संगठन का परिचय वीडियों के माध्यम प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् संघर्ष से सफ लता के परिचायक एवं मुंबई डब्बेवाला संगठन के अध्यक्ष–श्री रघुनाथ मेडगे जी ने अपने उद्बोधन में कहाकि हमारे द्वारा अंग्रेजों के जमाने से इसकी शुरूआत की गई थी और आज मैं तीसरी पीढ़ी में इस बिरासत को आगे कुशल प्रबंधन के साथ संचालन कर रहा हूँ। आपने कहाकि नूतन हाउस के नाम से इस डिब्बे वाली संस्था की स्थापना सन्–1890 में 100 डिब्बों के साथ शुरूआत की गई। वर्ष–1956 में चेरिटेवल ट्रेस्ट के रूप में इसका पंजीयन कराया गया। आज प्रतिदिन लगभग 04 लाख डिब्बों का ट्रांजेक्शन संस्था द्वारा समय की पावंदी के साथ किया जा रहा है। आज हमारे संगठन में लगभग 05 हजार कर्मचारी है और वह मेहनत करके 15 से 20 हजार रुपये की प्रतिमाह आमदनी कर लेते हैं। हमारे द्वारा मात्र 01 हजार रुपये मासिक शुल्क में टिफिन पहुँचाए जाते हैं। इस सेवा में सबसे बड़ा सहयोग सायकल एवं लोकल ट्रेन का है। आपने कहा कि हमारा जो चैन सिस्टम है, वह देश के लगभग सभी आईआईएम संस्थानों में पढ़ाया जाता है और मैं स्वयं भी नई दिल्ली, चैन्नई सहित अहमदाबाद आदि आईआईएम में प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को मोटीवेट करने हेतु जा चुका हूँ।

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष–श्री रघुनाथ मेडगे जी ने काफी जोर देकर कहा कि हमारे इस कार्य में ज्यादा पढ़े लिखे लोगों का काम नहीं है, हमारा कार्य मेहनतकश लोगों का है। कम पढ़ा–लिखा व्यक्ति ज्यादा शारीरिक परिश्रम, अनुशासन के साथ कर सकता है। आपने कहा कि हमारे सभी साथी लोग 99% हमारी बात सुनते ही नहीं अपितु उस पर गंभीरता से अमल भी करते हैं। हमारे सभी लोग प्रतिदिन लगभग 70 किलो मीटर की लम्बाई को कबर करते हैं और इसमें सबसे बड़ी भूमिका सायकल एवं लोकल ट्रेन की होती है। आपने कहाकि हमारे साथी सुबह घर से निकलते हैं और घर–घर से टिफि न एकत्रित करके, 9.30 बजे रेलवे स्टेशन पर पहुँच जाते हैं और 10.30 बजे तक ट्रेन में चढ़कर, दोपहर में ठीक 12.30 बजे तक संबंधित व्यक्ति के पास उसका डिब्बा (लंच बॉक्स) पहुँचा देते हैं। हमारे संगठन में अनुशासन, समर्पण, समय की पाबंदी, किसी भी प्रकार का नशा करने पर सख्त पावंदी हैं। बावजूद इसके यदि कोई नशा सहित पाया जाता है, तब उसके ऊपर रु. एक हजार का जुर्माना लगाया जाता है। साथ ही, सभी लोगों को टोपी पहनना एवं आई कार्ड रखना अनिवार्य है। आपने कहाकि हमारे संगठन में आज तक किसी भी प्रकार की कोई हड़ताल नहीं हुई है और आज कई डिब्बे वाले हमारे संगठन के शेयर होल्डर बन चुके हैं। आपने बताया कि टिफि न बास्केट का वजन 60 से 65 किलो ग्राम होता है। दीपावली के अवसर पर सभी कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन, बोनस के रूप में दिया जाता है।

इस अवसर पर आपने बताया कि बीबीसी द्वारा हमारे संगठन पर एक डाक्यूमेन्ट्री बनाई जा चुकी है। साथ ही, 26 जनवरी,2010 को हमारे संगठन को भारत सरकार द्वारा महाराष्ट्र की झाँकी में शामिल किया गया और हमारी झाँकी को इसमें प्रथम पुरस्कार मिला था। आपने बताया कि देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति, श्री मुकेश अंबानी जी ने अपने स्कूल में मुझे बच्चों को मोटीवेट करने हेतु आमंत्रित किया था, जिस पर मेरे द्वारा लगातार आठ दिवस छात्रों को मोटीवेट किया गया।

इस अवसर पर श्री रघुनाथ मेडगे जी को चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से स्मृति चिन्ह, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल जी द्वारा तथा जीएमए की ओर से संयुक्त सचिव, इंजी. मोहित वर्मा द्वारा प्रदान किया गया तथा अंत में आभार व्यक्त जीएमए के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर–डॉ. मनोज पटवर्द्धन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित पूर्व उपाध्यक्ष–श्री जी. एल. भोजवानी, श्री आर. के. खेतान, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री ललित गुप्ता एवं पीताम्बर लोकवानी सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्यगण एवं सदस्यगण व शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# जुलाई, 2023 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- सीईओ, ग्वालियर विकास प्राधिकरण को पत्र प्रेषित कर, शहर में नवीन बाजारों की स्थापना किए जाने हेतु रिक्त उपलब्ध भूमि की जानकारी उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।
- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मानसेवी सचिव ने शामिल होकर, शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ किए जाने हेतु सुझाव प्रेषित किए गए।
- मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, खाद्य तेल इकाईयों को प्रोत्साहन सहायता योजना में एमएसएमई नीति–2019 के दिनांक से पुनः शामिल करने की माँग की गई।
- संभागीय आयुक्त, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर एवं आयुक्त, नगर–निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, ट्रान्सपोर्ट नगर की सड़कों को मोटरेबल करने की माँग की गई।
- प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर, म. प्र. में पेट्रोल–डीजल के दाम समीपवर्ती राज्यों के समान प्रतिस्पर्धात्मक किए जाने की माँग की गई।
- महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, बाराघाटा औद्योगिक क्षेत्र में वीनस मैरिज हॉल के बगल वाली गली को पक्का किए जाने की माँग की गई।
- सचिव, एमएसएमई एवं आयुक्त, एमएसएमई, म. प्र. शासन, श्री पी. नरहरि जी के ग्वालियर आगमन के अवसर पर, भेंट कर, चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधारने हेतु आमंत्रण–पत्र सौंपा गया।
- चेयरमैन, भारतीय रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर, आरक्षित सीट को अगले स्टेशन के पूर्व ही अन्य यात्री को आवंटित किए जाने का विरोध करते हुए, आरक्षित नियम में जो परिवर्तन किए गए हैं, उन्हें वापिस लेकर, पुनः पूर्व की भांति बोर्डिंग स्टेशन के पश्चात् दो स्टेशन तक यात्री के आने का इंतजार करने के नियम को यथावत् बनाए रखने की माँग की गई।
- सभापति, नगर निगम परिषद–माननीय श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष–माननीय श्री हरिपाल से पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय में भेंट कर, एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें नगर–निगम परिषद की सोमवार, 24 जुलाई को आयोजित होने वाली अभियाचित बैठक में 'गारबेज शुल्क' के प्रस्ताव को पारित किए जाने की माँग की गई।
- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, म. प्र. शासन–माननीय श्री भूपेन्द्र सिंह जी एवं संचालक, संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में नव पदस्थ संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश को उनकी कार्य सुविधा की दृष्टि से आवश्यक पासवर्ड व अन्य जानकारियाँ उपलब्ध कराने की माँग की गई।
- केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद, ग्वालियर संसदीय क्षेत्र–माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर सहित चेयरमैन, भारतीय रेलवे बोर्ड को पत्र प्रेषित कर, एलटीटी–हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉप ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दिनांक 31 जुलाई,23 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

- गारबेज शुल्क पर अभी तक की गई कार्यवाही के संबंध में सदन को जानकारी दी गई ।
- जीयाजी चौक (बाड़ा) पेडस्टल जोन पर अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।
- वर्षों पुराने अनावश्यक दस्तावेज/कागजात के विषय में विचार कर निर्णय लिया गया कि आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित कर, कार्यकारिणी समिति को वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचित कर, अवलोकन हेतु आमंत्रित कर निर्णय लिया जाएगा ।
- मेसर्स जी. आर. इण्डस्ट्रीज को समूह क्रमांक–38 (विवाह व्यवसाय) से समूह क्रमांक–54 (लघु उद्योग : खाद्य पदार्थ) में परिवर्तन किए जाने का निर्णय लिया गया ।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'चेम्बर भवन' पर ध्वजारोहण प्रातः 9.00 बजे

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त,23 को संस्था के अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा प्रातः 9.०० बजे, 'चेम्बर भवन' पर ध्वजारोहण किया जाएगा ।

सदस्य महानुभावों से विनम्र अनुरोध है कि निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में पधार कर, ध्वजारोहण कार्यक्रम के साक्षी बने एवं अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें ।

जय हिन्द

## श्री पी. नरहरि, सचिव, एमएसएमई/आयुक्त, एमएसएमई, म. प्र. शासन के ग्वालियर आगमन के अवसर पर दिनांक १९ जुलाई को चेम्बर के पदाधिकारियों ने भेंट कर, ग्वालियर में नवीन उद्योगों की स्थापना पर की चर्चा एवं 'चेम्बर भवन' में पधारने हेतु सौंपा आमंत्रण-पत्र




दिनांक 19 जुलाई,23 को ग्वालियर प्रवास पर पधारे, सचिव व आयुक्त, एमएसएमई, म. प्र. शासन–श्री पी. नरहरि जी से संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सौजन्य भेंट की गई । साथ ही, इस अवसर पर ग्वालियर में नवीन उद्योगों की स्थापना पर चर्चा की एवं 'चेम्बर भवन' में पधारने हेतु आमंत्रण–पत्र श्री नरहरि जी को सौंपा गया । पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि आपके सानिध्य में ग्वालियर अंचल के उद्योगपति, उद्योग संवर्द्धन नीति एवं ग्वालियर में नवीन उद्योगों की स्थापना पर चर्चा करना चाहते हैं । अतएव आप अपनी सुविधानुसार बैठक हेतु समय उपलब्ध कराकर, सहयोग प्रदान करें ।

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917